दिनांक- 09.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1006/26

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़ - थाना कुलपहाड़

थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम द्वारा

01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा की देखरेख में गठित पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उ0नि0 हरीशंकर यादव मय हमराह कां0 प्रभात कुमार, कां0 अखिल पाण्डेय व कां0 विक्की चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 273/2026 धारा 85/115(2)/118(2)/351(3) BNS से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त राकेश पुत्र रामगोपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को ग्राम बम्हौरी खुर्द रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

राकेश पुत्र रामगोपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 हरीशंकर यादव

2.कां0 प्रभात कुमार

3.कां0 अखिल पाण्डेय

4.कां0 विक्की चौधरी



दिनांक- 09.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 1007/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर - थाना कोतवाली नगर

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अवैध जुआ/सट्टा में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

उ0नि0 अभिषेक कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला शेखूनगर के पास ताश के पत्तों से रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तगण क्रमशः 1.सोनू सिंह पुत्र राजाबाबू सिंह उम्र 28 वर्ष 2.नन्हेलाल गुप्ता पुत्र स्व0 रामगोपाल गुप्ता उम्र 50 वर्ष 3.राजू श्रीवास पुत्र बाबूलाल उम्र 30 वर्ष 4.करन तिवारी पुत्र राजाबाबू तिवारी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से जामा तलाशी 1,330 रुपये, मालफड़ 1,450 रुपये एवं 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 528/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.सोनू सिंह पुत्र राजाबाबू सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी मोहल्ला समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

2.नन्हेलाल गुप्ता पुत्र स्व0 रामगोपाल गुप्ता उम्र 50 वर्ष नि0 शुक्रवारी बाजार थाना कोतवाली नगर महोबा।

3.राजू श्रीवास पुत्र बाबूलाल उम्र 30 वर्ष, निवासी मोहल्ला समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

4.करन तिवारी पुत्र राजाबाबू तिवारी, निवासी मोहल्ला समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

बरामदगी-

जामा तलाशी के 1,330 रुपये, मालफड़ के 1,450 रुपये एवं 52 अदद ताश के पत्ते।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 अभिषेक कुमार

2.हे0कां0 अजय कुमार

3.कां0 नरेन्द्र कुमार

